सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय
सम्बद्ध–चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

महोदय/महोदया,

शासन के पत्रांकः 1285 सत्तर–3–2021 दिनांक 21 जून, 2021 के सन्दर्भ में आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर **"आजादी का अमृत महोत्सव"** पूरे प्रदेश में विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालय स्तर पर सम्पूर्ण जनभागीदारी, सम्पूर्ण क्षेत्र, सम्पूर्ण घटना, सम्पूर्ण व्यक्तित्व प्रतियोगिताएं (ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से) सुचारू रूप से सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम क़ा विवरण निम्नलिखित है–

1. गौरव गाथा प्रतियोगिता–इतिहास संकलन
2. परिधान प्रतियोगिता–महापुरुषों की वेशभूषा
3. स्वातन्त्रय उद्घोष–प्रतियोगिता

उपर्युक्त कार्यक्रम विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तर पर आवश्यक रूप से कराये जाने हेतु निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए हैं। अतः इसका संज्ञान लेते हुए अपने स्तर पर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

उपर्युक्त कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं के क्रियान्वयन हेतु अपने महाविद्यालय में संयोजक नियुक्त कर, उनका नाम, पदनाम, विभाग, मोबाईल नं0, ई–मेल आई0डी0 कार्यक्रम के साथ हमें प्रेषित करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः** 1. शासन द्वारा निर्देशित उपर्युक्त कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण। (कुल०पृ० 06)

उप–संयोजिका
डॉ0 अलका तिवारी
समन्वयक, ललित कला विभाग,
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
एसोसिएट प्रोफेसर
एन0ए0एस0(पी0जी0) कॉलेज, मेरठ।
Mobile No.: 9997772251

संयोजिका
प्रो0 आराधना
इतिहास विभाग,
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
ई–मेलः amrutmahotsavhistory21@gmail.com
Mobile No.: 9012557088

**"आजादी का अमृत महोत्सव"**
**एवं**
**चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव**
**संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश**
**कार्य योजना (जून–अगस्त, 2021)**

**सेवा में,**

**विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/प्राचार्य**
**समस्त महाविद्यालय सम्बद्ध,**
**चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

**महोदय/महोदया,**

कुलसचिव के पत्रांकः पी0ए0/3718 दिनांक 28/06/2021 के सन्दर्भ में आपको अवगत कराना है कि **"आजादी का अमृत महोत्सव"** कार्यक्रम के अन्तर्गत

1. गौरव गाथा प्रतियोगिता–इतिहास संकलन
2. परिधान प्रतियोगिता–महापुरुषों की वेशभूषा
3. स्वातन्त्रय उद्घोष–प्रतियोगिता

उक्त प्रतियोगिताऐं चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में **आयोजित होनी हैं। गौरव गाथा प्रतियोगिता में सहभागिता** हेतु प्रत्येक महाविद्यालय/संस्थान/ विश्वविद्यालय परिसर के प्रत्येक विभाग को अपने विद्यार्थियों का एक समूह (न्यूनतम 05 विद्यार्थी, अधिकतम 75 विद्यार्थी) बनाना होगा। प्रत्येक समूह गौरव गाथा से सम्बन्धित विषय/उप–विषय पर दिये गये दिशा निर्देशानुसार लिखित विवरण, छाया चित्रों के साथ ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रेषित करेगा। प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थी पहचान पत्र की प्रतिलिपि **और विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक/प्राचार्य द्वारा अग्रसारित** (Forward) पत्र के साथ अपनी प्रविष्टि प्रेषित करेंगे।

**संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्देशित** "आजादी का अमृत **महोत्सव**" कार्यक्रम के तहत मनाये जाने वाले कार्यक्रमों (जुलाई, 2021 से अगस्त, 2021) की रूपरेखा इस प्रकार है–

## 1. गौरव गाथा (प्रतियोगिता के क्षेत्र)

स्वतन्त्रता संग्राम की प्रमुख घटनायें व घटना स्थल

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अथवा आजाद भारत के वीर सपूत.

**गौरव गाथा (लेखन में सहायता हेतु उपविषय)**

1. 1857 के गुमनाम/अल्पज्ञात क्रान्ति–वीरों की गौरव गाथा।
2. आजादी से सम्बन्धित गुमनाम/अल्प ज्ञात क्रान्तिकारियों की गौरव गाथा, सम्बन्धित घटनायें व घटना स्थल।
3. स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की गौरव गाथा, स्वतंत्रता संग्राम की घटनायें व स्थल।
4. आजाद भारत के महानायकों/वीर सपूतों की गौरव गाथा, भारत–पाक युद्ध के सम्बन्ध में।
5. आजाद भारत के महानायकों/वीर सपूतों की गौरव गाथा भारत चीन युद्ध के सम्बन्ध में।
6. कारगिल युद्ध के महानायकों/वीर सूपतों की गौरव गाथा।

**माध्यम/प्रस्तुतिकरण/संकलन**

प्रत्येक ज्ञात एवं अज्ञात घटना का संकलन/माध्यम/प्रस्तुतिकरण अधिकतम 500 शब्दों में 02 छाया चित्रों के साथ होना चाहिए।

प्रत्येक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वीर सपूतों का जीवन परिचय अधिकतम 500 शब्दों में 02 छाया चित्रों के साथ होना चाहिए।

**परीक्षण का आधार**

गौरव गाथा के संकलन में जिस समूह द्वारा सबसे अधिक ज्ञात/अल्प ज्ञात परन्तु अत्यन्त महत्वपूर्ण घटनाओं को **चित्रों, लोकगीतों, वाचिक परम्पराओं** के माध्यम से पुष्ट करते हुये प्रस्तुत किया जायेगा उसे **ए–ग्रेड** दिया जायेगा।

गौरव गाथा के संकलन में जिस समूह द्वारा अज्ञात/ज्ञात परन्तु अत्यन्त महत्वपूर्ण स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों/आजाद भारत के वीर सपूतों का विवरण **प्रमाणित एवं अच्छे छाया चित्रों के साथ** प्रस्तुत किया जायेगा उन्हें **ए–ग्रेड** दिया जायेगा।

**पुरस्कार**

नगद पुरस्कार राज्य स्तर पर ही प्रदान किये जायेंगें। जनपद स्तर और मण्डल स्तर के प्रतिभागियों को केवल प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगें।

| पुरस्कार की श्रेणी | संख्या | पुरस्कार की धनराशि |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 04 | रू 1,00,000/– |
| द्वितीय पुरस्कार | 04 | रू 75,000/– |
| तृतीय पुरस्कार | 04 | रू 51000/– |
| राज्य स्तर पर प्रतिभागिता पुरस्कार | 60 | रू 5,000/– |

प्रत्येक प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों के नाम विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तर पर प्रेषित किये जायेंगें। प्रतियोगिता का अन्तिम निर्णय राज्य स्तर पर चयनित निर्णायक मण्डल द्वारा लिया जायेगा। जो अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। प्रथम पुरस्कृत विद्यार्थियों को राज्य के प्रमुख स्वतन्त्रता संग्राम स्थलों एवं भारतीय संसद के अवलोकन की व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा करायी जायेगी।

**प्रकाशन**

संस्कृति विभाग द्वारा गौरव गाथा का प्रकाशन किया जायेगा

संस्कृति विभाग द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के मोनोग्राफ बनाना

उपरोक्त प्रतियोगिता में चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के प्रत्येक विभाग/सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम चार प्रविष्टियां, 18 जुलाई, 2021 तक प्रातः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक कार्यालय, इतिहास विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में जमा कराने का कष्ट करें।

नोटः– उपरोक्त प्रविष्टियां ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से ई–मेलः amrutmahotsavhistory21@gmail.com पर प्रेषित की जा सकती हैं।

उप–संयोजिका
डॉ0 अलका तिवारी
समन्वयक, ललित कला विभाग,
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
एसोसिएट प्रोफेसर
एन0ए0एस0(पी0जी0) कॉलेज, मेरठ।
Mobile No.: 9997772251

संयोजिका
प्रो0 आराधना
इतिहास विभाग,
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
ई–मेलः amrutmahotsavhistory21@gmail.com
Mobile No.: 9012557088

## 2. परिधान प्रतियोगिता

**महापुरुषों की वेशभूषा प्रतियोगिता**—स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, आजाद भारत के भारत—चीन, भारत—पाकिस्तान व कारगिल युद्ध के महानायकों की वेशभूषा प्रतियोगिता। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को विभागाध्यक्ष व संस्था प्रमुख द्वारा अग्रसारित पहचान—पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से किया जा सकता है। महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के विभाग अपने स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन कर सकते हैं। प्रतियोगिता का आयोजन कर आयोजन से सम्बन्धित छायाचित्र व समाचार—पत्रों की कटिंग आयोजको को दिनांक 22 जुलाई, 2021, सायं 4:00 बजे तक आवश्यक रूप से भेजने का कष्ट करें। जो संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश को प्रेषित किये जाने हैं।

### कार्ययोजना

विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में यह प्रतियोगिता एकल स्तरीय होगी।

### माध्यम/प्रस्तुतिकरण/संकलन

प्रतियोगिता में महापुरूषों, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों, राष्ट्र नायकों, कारगिल शहीदों आदि पर संक्षिप्त परिचय भी प्रस्तुत किया जायेगा।

### परीक्षण का आधार

कुल 40 अंक होंगें जिनमें 10 अंक वेशभूषा हेतु, 10 अंक अभिनय हेतु तथा 20 अंक सम्पूर्ण प्रस्तुति हेतु नियत किये जायेंगें।

## पुरस्कार

नगद पुरस्कार राज्य स्तर पर ही प्रदान किये जायेंगें। जनपद स्तर और मण्डल स्तर के प्रतिभागियों को केवल प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगें।

| पुरस्कार की श्रेणी | संख्या | पुरस्कार की धनराशि |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | 03 | रू 11,000/- |
| द्वितीय पुरस्कार | 03 | रू 7,500/- |
| तृतीय पुरस्कार | 03 | रू 5,000/- |
| राज्य स्तर पर प्रतिभागिता पुरस्कार | 45 | रू 2,000/- |

प्रत्येक प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों के नाम विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तर पर प्रेषित किये जायेंगें। प्रतियोगिता का अन्तिम निर्णय राज्य स्तर पर चयनित निर्णायक मण्डल द्वारा लिया जायेगा। जो अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा। प्रथम पुरस्कृत प्रतिभागियों को राज्य के प्रमुख स्वतन्त्रता संग्राम स्थलों एवं भारतीय संसद के अवलोकन की व्यवस्था संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा करायी जायेगी।

उप-संयोजिका
डॉ0 अलका तिवारी
समन्वयक, ललित कला विभाग,
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
एसोसिएट प्रोफेसर
एन0ए0एस0(पी0जी0) कॉलेज, मेरठ।
Mobile No.: 9997772251

संयोजिका
प्रो0 आराधना
इतिहास विभाग,
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
ई-मेलः amrutmahotsavhistory21@gmail.com
Mobile No.: 9012557088

## 3. स्वातन्त्रय उद्‌घोष–प्रतियोगिता

**प्रतियोगिता (ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से)**

इस प्रतियोगिता के प्रतिभागी लिखित रूप से प्रविष्टि भेज सकते हैं एवं मौखिक रूप से स्वयं ऑनलाइन/ऑफलाइन प्रस्तुति दे संकते हैं।

मौखिक प्रतिभाग की समय सीमा 05 मिनट प्रति प्रतिभागी होगी।

लिखित प्रतिभाग भेजने की अन्तिम तिथि 20 जुलाई, 2021 है। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता हेतु प्रत्येक प्रतिभागी को विभागाध्यक्ष व संस्था प्रमुख द्वारा अग्रसारित पहचान–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उक्त प्रतियोगिता से सम्बन्धित सामग्री छाया चित्र, समाचार–पत्र कटिंग व सी0डी0 आदि दिनांक 22 जुलाई, 2021, सायं 4:00 बजे तक विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित करने का कष्ट करें। ताकि उक्त निर्णय संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश को समय से प्रेषित किये जा सके।

प्रत्येक प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों के नाम विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तर पर प्रेषित किये जायेंगे। प्रतियोगिता का अन्तिम निर्णय राज्य सरकार स्तर पर चयनित निर्णायक मण्डल द्वारा किया जायेगा। जो अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

अन्ताक्षरी की भाँति उच्च शिक्षा विभाग सभी विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की जाए जिसमें स्वतन्त्रता संग्राम में **लोकप्रिय नारों, लोकप्रिय गीतों, प्रयाण गीतों** आदि को सम्मिलित किया जाये।

यह प्रतियोगिता मात्र जनपद स्तरीय प्रतियोगिता होगी तथा इसमें प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा वितरित किये जायेंगें।


उप–संयोजिका
**डॉ0** अलका तिवारी
समन्वयक, **ललित कला विभाग,**
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
एसोसिएट प्रोफेसर
एन0ए0एस0(पी0जी0) कॉलेज, मेरठ।
Mobile No.: 9997772251

संयोजिका
प्रो0 आराधना
**इतिहास विभाग,**
चौ0 चरण सिंह वि0वि0, मेरठ।
ई–मेल: amrutmahotsavhistory21@gmail.com
Mobile No.: 9012557088